# पखवाड़े से लौटता दिखेगा हिंदी भाषा का स्वाभिमान

दिल्ली, 17 सितम्बर (नवोदय टाइम्स): हिंदी प्रेमियों के लिए साहित्य अकादमी में हिंदी पखवाड़े की शुरूआत की गई। आरंभ में अकादमी के उपसचिव (प्रशासन) कृष्णा किंबहुने ने अतिथियों का स्वागत उत्तरीय से किया, जिसके पश्चात् माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का संदेश अकादेमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश के द्वारा पढ़कर सुनाया गया।

पखवाड़े का उद्घाटन साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने किया और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित भाषाविद् उदयनारायण सिंह

## 30 सितम्बर तक साहित्य अकादमी में हिंदी पखवाड़ा

उपस्थित थे। इस मौके पर कुमुद शर्मा ने कहा कि भाषा ऐसी परिधि है, जिसमें उस समाज और समुदाय की संस्कृति संरक्षित रहती है। हमने एकता की भाषा हिंदी को केवल आंकड़ो की भाषा में बदल दिया है। हमें हिंदी भाषा का स्वाभिमान लौटाना होगा। हिंदी के साथ ही सभी भारतीय भाषाओं का स्वाभिमान भी जुड़ा हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि हिंदी समन्वय की भाषा है, वर्चस्व की नहीं। हिंदी भाषा के आगे बढ़ने का मतलब है, सभी भारतीय भाषाओं का विकास। आरंभ में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उदयनारायण सिंह ने कहा कि हिंदी का भाषा भूगोल और काल बहुत ही रोचक है।